उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार

पिन कोड–249404

संख्या :: 23 /10/E-3/H.C.S./2017-18 दिनाँक :: 15 जून, 2021

विज्ञप्ति

'मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में सहायक समीक्षा अधिकारी, अनुवादक, टाईपिस्ट एवं असिस्टेंट लाईब्रेरियन (मुख्य) परीक्षा–2018'

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 'मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में सहायक समीक्षा अधिकारी, अनुवादक, टाईपिस्ट एवं असिस्टेंट लाईब्रेरियन परीक्षा–2018' के सापेक्ष मुख्य परीक्षा हेतु औपबंधिक रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों के मुख्य परीक्षा से पूर्व ऑनलाईन आवेदन पत्र में किए गए शैक्षणिक, आरक्षण एवं अन्य समस्त दावों का मूल प्रमाण पत्र/अभिलेखों से मिलान दिनांक 23, 24 एवं 25 मार्च, 2021 तथा 05, 06, 07, 08, 09 अप्रैल, 2021 तक सम्पन्न किया गया था। मा0 आयोग द्वारा कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत ऐसे अभ्यर्थियों को जो उक्त तिथियों में अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हो पाये थे, अभिलेख परीक्षण का एक अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे अभ्यर्थी अभिलेखीय सत्यापन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन सप्ताह के भीतर आयोग कार्यालय (परीक्षा अनुभाग–03/बहुद्देशीय हॉल में प्रातः 10 बजे से) कार्यालय कार्य दिवस को उपस्थित होकर ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गये दावों के समर्थन में मूल प्रमाण पत्र/अभिलेखों से मिलान कराना सुनिश्चित करें।

उक्तानुसार ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा प्रश्नगत परीक्षा के सापेक्ष पूर्व में अभिलेख परीक्षण नहीं कराया गया है तथा उक्तांकित तीन सप्ताह की अवधि में भी अभिलेख परीक्षण नहीं कराया जाता है, का अभ्यर्थन स्वतः निरस्त माना जायेगा। मुख्य परीक्षा की आगामी तिथियों की सूचना दैनिक समाचार पत्रों एवं आयोग की वेबसाईट के माध्यम से पृथक से प्रसारित की जायेगी।

-SD-

(मु0 नासिर)

प्रभारी सचिव।